## मिस्र में फिर हिंसा, लगा कर्फ्यू



*मिस्त्र की राजधानी काहिरा में रक्षा मंत्रालय के आस-पास शुक्रवार रात कर्फ्यू लगा दिया गया। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हुए हिंसक संघर्ष के चलते ये फैसला लिया गया।*

**ऐ भड़की हिंसा :** हिंसा तब शुरू हुई जब सेना की चेतावनी को दरकिनार कर प्रदर्शनकारियों ने सरकारी भवनों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान एक सैनिक की मौत हो गई।

**300 से ज्यादा घायल :** सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारे कीं। कई को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 300 से ज्यादा के घायल होने की खबर है।

**अब आक्रोश इसलिए :** प्रदर्शनकारियों ने सेना से पूर्व निश्चित समय के अनुसार सत्ता सौंपने की मांग की। मिस्र में 23-24 मई को ऐतिहासिक राष्ट्रपति चुनाव होना है।

**यूएस चिंतित :** अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मार्क टोनर ने कहा, 'हम मिस्र में हिंसा को लेकर चिंतित हैं। सभी दलों को बातचीत से हल निकालना चाहिए।

## कर्नाटक के सरकारी अस्पतालों में संगीत से होगा इलाज

एजेंसी. मैसूर

कर्नाटक के चार अस्पतालों में संगीत से इलाज किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने चार जिलों शिमोगा, मैसूर, धारवाड़, बेंगलुरू के अस्पतालों का चयन किया है। यह जानकारी राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री एसए रामदास ने शनिवार को एक कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि इस समय ऐसा इलाज कुछ स्पेशियलिटी अस्पतालों में ही उपलब्ध है। चूंकि आयुर्वेद उपचार को एलोपैथी से समन्वित करने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार हुआ है। इसलिए संगीत उपचार को भी आजमाया जाएगा।


• एलोपैथिक आयुर्वेदिक के मिक्सचर की सफलता से मिली प्रेरणा

**गांव में नहीं जाने पर होगा 25 लाख का जुर्माना :** कर्नाटक सरकार चिकित्सा डिग्री लेने वाले प्रत्येक छात्र पर 25 लाख रुपए खर्च करती है। इसलिए सरकार ने डाक्टरों के लिए ग्रामीण सेवा को अनिवार्य कर दिया है। अगर कोई डॉक्टर ग्रामीण अस्पताल में सेवा देने से इनकार करता है तो उस पर 25 लाख रुपए का जुर्माना किया जाएगा।

## एयर इंडिया पायलट फिर कर सकते हैं हड़ताल

एजेंसी. मुंबई/नई दिल्ली

एयर इंडिया के पायलट फिर हड़ताल पर जा सकते हैं। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर उड़ाने की ट्रेनिंग के संशोधित प्रोग्राम के विरोध में पायलटों का एक धड़ा शनिवार को 'बीमार' हो गया। इससे एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। दो अन्य की उड़ान में 16 घंटे तक की देरी हुई।



• बोइंग 787 ड्रीमलाइनर उड़ाने की ट्रेनिंग के संशोधित प्रोग्राम को लेकर है विरोध

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली से सिंगापुर जाने वाली फ्लाइट रविवार को नहीं जाएगी।

न्यूयॉर्क और टोरंटो जाने वाली फ्लाइट्स 16 घंटे देरी से उड़ी। एयर इंडिया के अधिकारियों ने घटनाक्रम की पुष्टि की। साथ ही यह भी कहा कि स्वास्थ्य कारणों की वजह से पायलट ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुए। इसका असर फ्लाइट्स पर हुआ।

### क्या है विवाद

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद भी दोनों के पायलटों की अलग-अलग यूनियनें हैं। इसी महीने आने वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर को उड़ाने को लेकर दोनों में विवाद है। बोइंग को उड़ाना प्रतिष्ठा का विषय तो है ही प्रमोशन और वेतन-भत्तों पर भी उसका असर होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रबंधन ने कभी इंडियन एयरलाइंस के लिए काम करने वाले पायलटों को भी ट्रेनिंग कराने का फैसला लिया था। उनकी यूनियन इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन (आईसीपीए) ने इसके लिए कोर्ट की शरण ली थी। इस फैसले से पूर्व एयर इंडिया के पायलटों की यूनियन आईपीजी को आपत्ति है।

## गठबंधन सरकार चलाना कला : पवार



**मुंबई.** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के एकल पार्टी सरकार के फायदों पर विचार व्यक्त करने के एक दिन बाद शनिवार को कहा कि गठबंधन सरकार चलाना एक कला है। उन्होंने यह बात अप्रत्यक्ष रूप से चव्हाण की उन टिप्पणियों के संदर्भ में कही जिसमें गठबंधन सरकार के प्रबंधन की मुश्किलों की ओर इशारा किया गया था।

कांग्रेस और राकांपा वर्ष 1999 से ही राज्य की सत्ता में भागीदारी कर रही हैं। पवार महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की जन्मशती पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। चव्हाण ने राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन में परेशानी की मौन स्वीकारोक्ति करते हुए शुक्रवार को कहा था कि निर्णय लेना तब और आसान होता है जब एकल पार्टी सत्ता में होती है।






सिंघवी सीडी प्रकरण

## वेबसाइट पर खुलासे सही नहीं : खुर्शीद

भास्कर न्यूज. चंडीगढ़



कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की विवादास्पद सीडी कुछ वेबसाइट्स पर दिखाए जाने पर केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा है कि इन पर रोक लगाई जानी चाहिए। खुर्शीद ने कहा कि ये गतिविधियां आम जनता को प्रभावित करती हैं। ऐसे में इन पर नियंत्रण होना बेहद जरूरी है। खुर्शीद शनिवार को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के गोल्डन जुबली समारोह में शिरकत करने चंडीगढ़ आए थे।

खुर्शीद ने कहा, वेबसाइट पर किसी की निजी जिंदगी के खुलासे पर नियंत्रण होना चाहिए। सिंघवी से जुड़ी सीडी उनका निजी मसला है। खुर्शीद ने कहा कि यह मीडिया की आजादी से भी जुड़ा मामला है। सुप्रीम कोर्ट मीडिया की आजादी के मामले पर सुनवाई कर रही है और लीगल रिपोर्टिंग पर दिशा निर्देशों की उम्मीद की जा रही है।


### सिंघवी की जगह नाइक अध्यक्ष

नई दिल्ली. विवादित सीडी मामले में फंसे राजस्थान से कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी के इस्तीफे से रिक्त हुए कानून और न्याय मंत्रालय संबंधी संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष पद पर गोवा से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शांताराम नाइक को नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति हामिद अंसारी ने नाइक को अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया। सिंघवी ने सीडी प्रकरण को लेकर 23 अप्रैल को इस्तीफा दे दिया था।

# पाकिस्तान विफल देश, कोई वित्तीय मदद नहीं बचा सकती

**• यूएस सांसद की पीएम को खरी-खरी**
**• गिलानी को खत लिख जताई मुल्क के भविष्य की चिंता**
**• दिया जातीय समूहों के आत्म-निर्णय पर जोर**

एजेंसी. वाशिंगटन



प्रभावशाली अमेरिकी सांसद डाना रोहराबचेर ने कहा है कि पाकिस्तान एक विफल देश है और कोई भी वित्तीय मदद उसे इस स्थिति से नहीं निकाल सकती। डाना ने इस संबंध में पाक प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को पत्र लिखा है।

उन्होंने गिलानी को लिके खत में कहा है 'अमेरिकी सांसदों को यह दिन-प्रतिदिन स्पष्ट होता जा रहा है कि पाकिस्तान एक राष्ट्र-राज्य के तौर पर असफल साबित हो चुका है। अमेरिका की ओर से दी जाने वाली किसी भी तरह की वित्तीय मदद उसका भाग्य नहीं बदल सकती।'

उन्होंने पाकिस्तान के भविष्य पर चिंता जताते हुए कहा है कि पाकिस्तान का भविष्य धूमिल रहेगा और वहां राजनीतिक हिंसा तब तक होती रहेगी जब तक सरकार और सेना पाकिस्तान में मौजूद जातीय समूहों को आत्म-निर्णय का अधिकार नहीं देते। उन्होंने पाकिस्तानी पुलिस की उस कार्रवाई की भी निंदा की है जिसमें चार बलूची लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना पर उन्होंने कहा है कि प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहिए, क्योंकि ऐसी घटनाएं हिंसा को ही बढ़ावा देती हैं।


### मदद राशि से खरीदे हथियार तो कैसे बदलेगी स्थिति

रोहराबचेर ने इस खत में पाकिस्तान पर एक बार फिर अमेरिकी मदद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिका की ओर से दी गई वित्तीय मदद राशि का पाकिस्तान गलत इस्तेमाल करता रहा है। यह बात अब और ज्यादा स्पष्ट हो गई है। उनका कहना है कि बलूच व अन्य लोगों की मदद के लिए भेजी गई राशि का इस्तेमाल इस मुल्क ने आतंकी गतिविधियां बढ़ाने और हथियार खरीदने में खर्च कर दी। इसकी हालत में सुधार कैसे आ सकता है। इसीलिए कोई मदद इसे नहीं बचा सकती।

### कौन हैं रोहराबचेर

रोहराबचेर हाउस फॉरेन अफेयर ओवरसाइट एंड इन्वेस्टिगेशन सबकमेटी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने सांसदों स्टीव किंग और लुई गोहमर्ट के साथ इस साल 17 फरवरी को एक विधेयक पेश किया है। इसमें बलूची लोगों को अलग संप्रभु देश बनाने और आत्म निर्णय के अधिकार के प्रति सदन की भावना व्यक्त की गई है।

### गिलानी के बेटे मूसा को समन



इस्लामाबाद. पाकिस्तानी अधिकारियों ने प्रधानमंत्री युसूफ रजा गिलानी के बेटे अली मूसा को बड़ी मात्रा में नियंत्रित दवा इफीड्राइन के आयात में कथित अनियमितताओं में पूछताछ के लिए समन जारी किया है। अली मूसा ने रावलपिंडी में 26 अप्रैल को मादक द्रव्य रोधी बल को अपना बयान दर्ज कराया था और अपने खिलाफ आरोपों से इनकार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जांचकर्ता टीम ने उन्हें 12 मई को फिर हाजिर होने का समन जारी किया है। मादक द्रव्य रोधी बल की ओर से आरोपी बनाए जाने के बाद प्रधानमंत्री के बेटे दक्षिण अफ्रीका से अपने वतन लौट आए।

### एक करोड़ दो, निकाल दूंगा लादेन का शव

समुद्र में खजाने की खोज करने वाले अमेरिका के बिल वॅरिन ने ओसामा बिन लादेन के शव को समुद्र में खोजने का दावा किया है। साथ ही कहा है कि शव को निकालने के लिए उन्हें दो लाख अमेरिकी डॉलर (करीब एक करोड़ रुपए) देने होंगे। वॅरिन ने कहा है कि गुजरात के सूरत शहर से 200 मील दूर समुद्र में उन्हें डिब्बे में बंद ओसामा का शव मिला है। स्पेन के अखबार अल मुंदो को दिए इंटरव्यू में उन्होंने यह बात कही थी।

## गोरों की काली कहानी है रॉबेन आइलैंड



राष्ट्रपति पाटील ने किया दौरा, मंडेला रहे थे कैदी

अभिजित मिश्र. रॉबेन आइलैंड (केपटाउन)

रॉबेन टापू रंगभेद के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के संघर्ष की कहानी को समेटे हुए है। यह जगह याद दिलाती है कि स्वतंत्रता संग्राम के सिपाहियों को कैसे हालात का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की आजादी के नायक नेल्सन मंडेला को यहां 17 साल कैद में रखा गया।

राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील ने शनिवार को केपटाउन से करीब 11 किमी दूर इस आइलैंड की मैक्सिमम सिक्योरिटी जेल का दौरा किया। उन्होंने यहां विजिटर बुक पर लिखा 'इस टापू व मंडेला के सेल नंबर 5 का दौरा भीतर तक झकझोर रहा है। शक्ति, साहस व बलिदान की यह गाथा सदियों तक युवाओं को इंसाफ, आजादी की रक्षा करने की प्रेरणा देती रहेगी।

**बहुत झेला नेल्सन ने :** इसी जेल में सात साल कैद रहे 46 वर्षीय स्पार्क मिलवाना बताते हैं कि मंडेला को यहां जबरदस्त यातना झेलनी पड़ी। छोटी सी काल कोठरी में 23 घंटे बिताने पड़ते थे। सिर्फ तीन कंबल और एक बाल्टी, यही सामान था कोठरी में। सप्ताह में एक दिन उन्हें बाहर निकाला जाता था और चूना पत्थर की खदान में काम पर लगा दिया जाता।

**जुबान पर भी लगाम :** स्पार्क बताते हैं कि यहां जेल में बंद कैदी किसी से बात नहीं कर सकते थे। कोठरी के भीतर सेंसर लगा हुआ था। अफ्रीका में 11 जबानें बोली जाती हैं, लेकिन यहां कैदियों को सिर्फ अंग्रेजी या अफ्रीकन में बोलने की इजाजत मिलती थी। उल्लंघन करने पर पीटना या भूखा रखना आम था।